Regarding need to establish a National Institute of Technology in Samastipur district, Bihar-Laid

श्रीमती शांभवी **(समस्तीपुर) :** बिहार के समस्तीपुर जिले में एक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) की स्थापना की मांग लंबे समय से की जा रही है । यह क्षेत्र शैक्षिक और तकनीकी दृष्टि से पिछड़ा हुआ है, जबकि यहां के छात्रों में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है । यदि समस्तीपुर में NIT की स्थापना होती तो यह न केवल इस क्षेत्र के छात्रों को तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा, बल्कि यह स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा । बिहार के अन्य जिलों की तुलना में समस्तीपुर में तकनीकी संस्थानों की संख्या बहुत कम है । इसके अलावा, समस्तीपुर का भौगोलिक दृष्टि से बिहार के केंद्र में स्थित होना इसे एक आदर्श स्थान बनाता है । यह आसपास के जिलों के छात्रों के लिए भी सुलभ होगा । बिहार जैसे राज्य, जहां तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अभी भी कई चुनौतियां हैं, वहां एक और NIT की स्थापना छात्रों के भविष्य को मजबूत करने के साथ-साथ राज्य के समग्र विकास में सहायक होगी । मेरा निवेदन है कि समस्तीपुर में NIT की स्थापना हेतु केंद्र सरकार स्वीकृति दे और इसे शीघ्र कार्यान्वित किया जाए जिससे बिहार के विकास में नया आयाम जुड़ेगा और छात्रों के भविष्य को एक नई दिशा लेगी ।